Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005

Participants : Rana Shri Kashi Ram

Title: Need to expedite completion of Surat Airport in Gujarat.- Laid.

श्री काशीराम राणा (सूरत) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात के औद्योगिक शहर सूरत में एक हवाई अड्डे की अत्यंत आवश्यकता को समझते हुए पूर्व में सरकार द्वारा सूरत हवाई अड्डे को वाणिज्य रूप में उपयोग किये जाने हेतु मंजूरी दी गयी थी एवं इस कार्य को करने के लिए 55 करोड़ रूपये स्वीकृत किया गया था। गुजरात सरकार ने केन्द्र सरकार से अनुबंध करके सूरत हवाई अड्डे पर काम करने के लिए एयरपोर्ट ॲथारिटी को सौंप दिया है। परन्तु, इस हवाई अड्डे पर कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण इस हवाई अड्डे पर हवाई सेवा शुरू करने हेतु जो कार्य होने हैं, वह निर्धारित समय में यानि सितम्बर, 2005 तक पूरा नहीं हो पायेंगे। इस हवाई अड्डे की महत्ता को देखते हुए वाणिज्यक रूप में इसके उपयोग की पूर्ण सफलता के लिए टर्मिनल निर्माण कार्य एवं 120 मीटर हवाई पट्टी के निर्माण का कार्य शीघ्र होना अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सूरत हवाई अड्डे को वाणिज्यक रूप में शीघ्र उपयोग किये जाने हेतु इसके सभी कार्यो को अपने निर्धारित समय पर पूरे किये जाने का प्रयास किया जाये।